डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी का वार्षिक साहित्योत्सव (फेस्टिवल ऑफ लेटर्स 2022) कल (10 मार्च) से

संस्कृति राज्य मंत्री माननीय अर्जुन राम मेघवाल करेंगे अकादेमी प्रदर्शनी का उद्घाटन
युवा लेखक सम्मिलन एवं भारतीय भाषाओं में प्रकाशन की स्थिति पर भी होगी परिचर्चा

नई दिल्ली। 9 मार्च 2022; साहित्य अकादेमी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला साहित्योत्सव इस वर्ष 10 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। भारत की आज़ादी के 75 वर्ष होने पर इस वर्ष का साहित्योत्सव 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' पर केंद्रित रहेगा। उत्सव का आरंभ अकादेमी की वर्षभर की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाली **अकादेमी प्रदर्शनी** से होगा, जिसका उद्घाटन माननीय संस्कृति राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, कल (10 मार्च 2022 को) पूर्वाह्न 10.00 बजे रवींद्र भवन परिसर, नई दिल्ली में करेंगे।

इसी दिन 'युवा भारत का उदय' शीर्षक से **अखिल भारतीय युवा लेखक सम्मिलन** भी पूर्वाह्न 10.30 बजे प्रारंभ होगा, जिसका उद्घाटन वक्तव्य साहित्य अकादेमी के सामान्य परिषद सदस्य, येशे दरजे थोंगछी देंगे। अकादेमी द्वारा मान्यता प्राप्त 24 भारतीय भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 युवा लेखक इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रख्यात विद्वान, श्रीराम परिहार, पारमिता शतपथी, मृत्युंजय सिंह तथा सुरेश ऋतुपर्ण इस सम्मिलन के विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता करेंगे।

इसी दिन अपराह्न 2.30 बजे **भारतीय भाषाओं में प्रकाशन की स्थिति** विषय पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी, जिसके विशिष्ट अतिथि प्रख्यात मराठी लेखक रंगनाथ पठारे होंगे। विभिन्न भारतीय भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 7 प्रख्यात प्रकाशक तथा लेखक चंदना दत्ता, दर्शन दर्शी, हेमंत दिवटे, प्रभात कुमार, रमेश कुमार मित्तल तथा याक़ूब इस पैनल चर्चा में भाग लेंगे। उर्दू के प्रख्यात कवि श्री शीन काफ निज़ाम पैनल चर्चा का संचालन करेंगे।

ज्ञात हो कि 10–15 मार्च के बीच आयोजित होने वाले साहित्योत्सव में देश के कोने–कोने से विभिन्न भारतीय भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 225 लेखक और विद्वान विविध कार्यक्रमों में भागीदारी करेंगे।

इस बार अकादेमी की पुस्तक प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से सायं 7 बजे तक प्रतिदिन होगी और पुस्तकें बिक्री के लिए 20 प्रतिशत की विशेष छूट पर उपलब्ध होंगी। सभी कार्यक्रम 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग स्थित रवींद्र भवन परिसर में आयोजित होंगे।

श्रीनिवासराव

के. श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in